विचारार्थ विषय (टर्म्स ऑफ रेफरेंस)
परामर्शदाता (नीति और अनुसंधान)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से संविदा के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है।

कार्य विवरण:

क) कार्यक्रम के नियोजन और क्रियान्वयन के लिए तकनीकी सहायता के साथ-साथ कार्यक्रम प्रबंधन सहायता प्रदान करना।

ख) संबंधित कानूनों और राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रकोष्ठ के क्रियाकलापों को राष्ट्रीय स्तर पर सहायता प्रदान करना।

ग) कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों को शामिल करते हुए सहयोगात्मक नेटवर्क स्थापित करना और इसे बनाए रखना।

घ) नीतियों/कार्यक्रम की सहायता के लिए अनुसंधान आधारित अध्ययनों/साक्ष्यों को सापेक्ष करना और डेटाबेस सृजित करना।

ङ) कार्य समूहों, पक्षकारों के सम्मेलन (सीओपी) की रिपोर्टिंग आदि से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन के एफसीटीसी मामलों के क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित विभागों/मंत्रालयों/राज्य सरकार के समन्वय में तकनीकी सहायता प्रदान करना।

च) मौजूदा समितियों/विशेषज्ञ समूहों/संबंधित मंत्रालयों/विभागों के साथ समन्वय करना और अनुवर्ती कार्रवाई करना।

छ) पर्यवेक्षक/लोकल प्वाइंट्स के अनुसार यथा आवंटित कोई अन्य कार्य और उत्तरदायित्व लेना।

<u>अर्हता और अनुभव</u>

अनिवार्य:

क) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से जन स्वास्थ्य अथवा सामाजिक विज्ञान में स्नातकोत्तर या संबंधित क्षेत्रों में समकक्ष।

ख) स्वास्थ्य क्षेत्र में 5 वर्ष का कार्य अनुभव, जिसमें कम से कम 3 वर्ष का अनुभव राज्य/केंद्र सरकार के विभागों या यू.एन. संगठनों के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण संबंधी मुद्दों के क्षेत्र में हो।

वांछनीय:

क) गैर संचारी रोग क्लस्टर से संबंधित नीति और/या नीति निर्धारण के क्षेत्र में कार्य करने का पूर्व अनुभव।

ख) राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को नीति निर्धारण/तकनीकी सहायता के साथ-साथ तंबाकू नियंत्रण मुद्दों सहित इस कार्यक्रम के तहत परिकल्पित विभिन्न क्रियाकलापों की आयोजना, निगरानी और मूल्यांकन।

ग) अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण नीतियों, समझौतों और संबंधित साहित्य से जुड़ी समूची जानकारी।

घ) राज्य/केंद्र सरकार के विभागों में कार्यालय पद्धति, संसदीय पद्धति और अन्य महत्वपूर्ण मामलों में अनुभव।

ज्ञान और कौशल:

क) स्वास्थ्य संवर्धन, स्थानीय सहभागितामूलक आयोजना और मूल्यांकन कार्य पद्धति के क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता और बहु-विषयक वातावरण में सहयोगात्मकता और उत्पादनशीलता के साथ कार्य करने की क्षमता।

ख) परिणामों को दस्तावेजबद्ध करने के लिए मात्रात्मक और गुणात्मक कार्य पद्धतियों को लागू करने की शोध विशेषज्ञता।

ग) तत्संबंधी हितधारकों, सिविल सोसायटी और अन्य अभिकर्ताओं के साथ पारस्परिक संवाद के दौरान कार्यक्रम को प्रस्तुत करने की योग्यता।

घ) कार्यक्रम के क्रियाकलापों के मूल्यांकन के लिए तकनीकी हस्तक्षेपों और मानदंडों के निर्धारण का ज्ञान और कौशल।

ङ) बजट व्यवस्था सहित तकनीकी सहयोग के कार्यक्रमों और क्रियाकलापों के विकास, क्रियान्वयन और विश्लेषण के लिए प्रबंधकीय कौशल।

च) व्यापक रूप से यात्रा करने की इच्छा और योग्यता।

छ) बहुत कम समय सीमा के भीतर कार्य करने की योग्यता के साथ अंतर-वैयक्तिक और प्रबंधकीय कौशल।

ज) एमएस-ऑफिस/एक्सेल/इंटरनेट और सामान्य सॉफ्टवेयर की अच्छी जानकारी।

झ) अंग्रेजी और हिंदी - दोनों भाषाओं में लिखित और मौखिक, दोनों रूपों में बातचीत करने का कौशल।

पदों की संख्या: एक

आयु: आवेदन की अंतिम तारीख को अधिकतम आयु 50 वर्ष।

पारिश्रमिक: 1,00,000 रुपए प्रतिमाह (समेकित) सरकारी दौरे पर टीए/डीए मौजूदा सरकारी मानदंडों के अनुसार दिया जाएगा।

अन्य शर्तें: भारत सरकार/स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मौजूदा अनुदेशों के अनुसार।

संविदा की अवधि: 1 वर्ष और इसे वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन के आधार पर पारिश्रमिक में 5% की वृद्धि के साथ बढ़ाया जा सकता है।

स्थान: दिल्ली।

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **11-Aug-2020** तक ntcp.recruitments@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।